दयानंद महाविद्यालय हिसार एवं प्रिंट संगठन के मध्य हुए एमओयू पर हस्ताक्षर

हांसी क्रांति न्यूज

हिसार, : दयानंद महाविद्यालय हिसार व प्रिंट मीडिया समाचार पत्र के मध्य जनसंचार पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। दयानंद महाविद्यालय हिसार के साथ यह एमओयू 5 साल के लिए किया गया है। दयानंद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि इस तरह के एमओयू विद्यार्थियों को मीडिया में अच्छे स्थान पर पहुंचाने के साथ-साथ हौसला भी बढ़ाते है।

प्रिंट मीडिया की यह पहल विद्यार्थियों को पत्रकारिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। जनसंचार विभाग के इंचार्ज मनजीत सिंह ने कहा कि यह एमओयू जनसंचार में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगा। साथ ही विद्यार्थियों में जनसंचार के प्रति और अधिक रुचि पैदा करने के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने में भी कारगर सिद्ध होगा। दयानंद महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी व जनसंचार विभाग में सहायक प्रोफेसर नरेन्द्र सोनी ने कहा कि यह एमओयू विद्यार्थियों के लिए प्रतिस्पर्धा का माहौल तैयार करेगा। इस एमओयू द्वारा दयानंद महाविद्यालय में जनसंचार एवं पत्रकारिता अध्ययन कर रहे विद्यार्थी प्रिंट मीडिया समूह के साथ इंटर्नशिप व ट्रेनिंग कर सकेंगे जिससे उन्हें करियर में बहुत मदद मिलेगी। महाविद्यालय की तरफ से प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह की उपस्थिति में एमओयू पर बर्सर नरेन्द्र कुमार, जनसंचार विभाग के इंचार्ज मनजीत सिंह ने हस्ताक्षर किए।

डीएन कॉलेज, स्कूलों व प्रिंट संगठन ने किए एमओयू पर हस्ताक्षर

नभ-छोर न्यूज ⏭ 10 मई

हिसार। दयानंद महाविद्यालय व प्रिंट मीडिया समाचार पत्र के मध्य जनसंचार पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। दयानंद महाविद्यालय के साथ यह एमओयू 5 साल के लिए किया गया है। दयानंद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि इस तरह के एमओयू विद्यार्थियों को मीडिया में अच्छे स्थान पर पहुंचाने के साथ-साथ हौसला भी बढ़ाते है। प्रिंट मीडिया की यह पहल विद्यार्थियों को पत्रकारिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। जनसंचार विभाग के इंचार्ज मनजीत सिंह ने कहा कि यह एमओयू जनसंचार में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगा। साथ ही विद्यार्थियों में जनसंचार के प्रति और अधिक रुचि पैदा करने के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने में भी कारगर सिद्ध होगा। दयानंद महाविद्यालय के जनसंपर्क

अधिकारी प्रो. नरेन्द्र सोनी ने कहा कि यह एमओयू विद्यार्थियों के लिए प्रतिस्पर्धा का माहौल तैयार करेगा। महाविद्यालय की तरफ से प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह की उपस्थिति में एमओयू पर नरेन्द्र कुमार, मनजीत सिंह ने हस्ताक्षर किए।

दयानंद महाविद्यालय व पुलिस पब्लिक डीएवी स्कूल के मध्य मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। पुलिस पब्लिक डीएवी स्कूल हिसार के विद्यार्थी दयानंद महाविद्यालय स्थित इतिहास संग्रहालय, लैबोरेट्री और प्रदर्शनियों का भ्रमण करके ज्ञानवर्धक कर सकेंगे। यह एमओयू 30 मई 2026 तक की अवधि के लिए किया गया है। एमओयू के लिए दयानंद महाविद्यालय की तरफ से प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह, आईक्यूएसी निदेशक डॉ. विवेक श्रीवास्तव, आईक्यूएसी उप-निदेशक डॉ. शम्मी नागपाल और पुलिस पब्लिक डीएवी स्कूल की प्राचार्या इंदु शर्मा, कृष्ण कुमार सीमा शर्मा ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट डॉ. हेमंत शर्मा, डॉ. चेतन शर्मा, डॉ. आदित्य कुमार व अनिल शर्मा उपस्थित रहे। दयानंद महाविद्यालय व श्रीकृष्ण प्रणामी पब्लिक स्कूल के मध्य मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू के लिए दयानंद महाविद्यालय की तरफ से प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह, आईक्यूएसी निदेशक डॉ. विवेक श्रीवास्तव, आईक्यूएसी उप-निदेशक डॉ. शम्मी नागपाल और श्रीकृष्ण प्रणामी पब्लिक स्कूल की प्राचार्य नीरू भाटिया, चेयरमैन एसएन टेलटिया एवं ऋतु ढ़ालीवाल ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर भौतिकी विज्ञान विभाग के अध्यक्ष चेतन शर्मा व अनिल शर्मा उपस्थित रहे।

CMT - Zeitgeist GJUS&T Mass Communication

34m ·

डीएन कॉलेज हिसार के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग ने दैनिक भास्कर समूह हिसार के साथ मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इससे जनसंचार के विद्यार्थियों को इंटर्नशिप, ट्रेनिंग व प्लेसमेंट में मदद मिलेगी। इस दौरान डीएन कॉलेज हिसार के प्रिंसिपल डॉ. विक्रमजीत सिंह, जनसंचार विभाग के इंचार्ज प्रोफेसर मनजीत सिंह, सहायक प्रोफेसर नरेन्द्र सोनी एवं दैनिक भास्कर समूह के ब्यूरो चीफ श्री शैलेंद्र शर्मा, चीफ रिपोर्टर श्री यशपाल सिंह उपस्थित रहे।
CMT CMT - Zeitgeist GJUS&T Mass Communication congratulates entire team of DN college for taking up this initiative.